पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-14

सोमवार, दिनांक-30 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 42 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''इस दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के मा० सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें तथा अपनी-अपनी सीट पर जाकर अपनी बातों को कहें किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरांत

समय 12.30 बजे अप० से 12.35 बजे अप० तक ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री तारकिशोर प्रसाद, श्री संजय सिंह (टाइगर), श्री प्रेम कुमार, श्री संजय सरावगी, श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री सुरेन्द्र मेहता से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[3] सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

(i) मा० सभापति, लोक लेखा समिति, श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का क्रमशः 564वाँ, 565वाँ, 567वाँ, 568वाँ, 569वाँ, 571वाँ, 572वाँ, 573वाँ, 574वाँ, 575वाँ, 577वाँ, 581वाँ, 583वाँ एवं 586वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) मा० सभापति, निवेदन समिति, श्री शालिग्राम यादव द्वारा समिति के 88वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) मा० सभापति, शून्यकाल समिति, श्री विनोद नारायण झा द्वारा समिति का 85वाँ, 86वाँ, 87वाँ एवं 88वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह का लघु जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा पढ़ा गया ।

''इस दौरान कार्यस्थगन की सूचना अमान्य हो जाने के कारण विपक्ष के मा० सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के मा० सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें एवं अपनी-अपनी सीट पर जाएं, किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय 02.00 बजे अप० से 05.00 बजे अप० तक ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

<u>वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (पर्यावरण एवं वन विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, श्री पी०के० शाही द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं अपना पक्ष रखा गया ।

(इस अवसर पर मा० अध्यासी सदस्य श्री रामनारायण मंडल ने आसन ग्रहण किया)

अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(ii) श्री सोनेलाल हेम्ब्रम
(iii) श्री अब्दुल गफूर
(iv) श्री सत्यदेव सिंह
(v) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(vi) श्री मो० जावेद
(vii) डा० दाउद अली

माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, श्री पी०के० शाही ने पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग पर अपना पक्ष रखा ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 12 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार दिनांक 31 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-30 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।